यूनियन बैंक ऑफ इंडिया Union Bank of India
भारत सरकार का उपक्रम A Government of India Undertaking
आन्ध्रा Andhra कार्पोरेशन Corporation

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया Union Bank of India
भारत सरकार का उपक्रम A Government of India Undertaking
आन्ध्रा Andhra कार्पोरेशन Corporation

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा छात्रों के लिए राष्ट्रीय स्तर की सामान्य जागरूकता प्रतियोगिता यू- जीनियस आयोजित की गई

-प्रतियोगिता के अंतिम विजेताओं को प्रमाण पत्र और ट्रॉफी के साथ 1 लाख रुपए प्रदान किए गए -

मुंबई, 09 नवंबर, 2022: यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने आज छात्रों के लिए आयोजित अपनी राष्ट्रव्यापी सामान्य जागरूकता प्रतियोगिता यू- जीनियस का समापन किया. प्रतियोगिता के विजेता सनबीम स्कूल लहरतारा के देवांश गुप्ता और आदित्य जयसवाल, रनर-अप डॉ वीरेंद्र स्वरूप एजुकेशन सेंटर कानपुर के कुमार कौटिल्य और ओजस दीक्षित तथा द्वितीय रनर-अप नेशनल पब्लिक स्कूल बेंगलुरु के ओजस हयातनागरकर और आदित्य कथाइत थे.

यह कार्यक्रम वाई बी चव्हाण में आयोजित किया गया जिसमें प्रबंध निदेशक एवं सीईओ सुश्री ए मणिमेखलै की गरिमामयी उपस्थिति रही.

प्रत्येक राज्य की निकटतम यूनियन बैंक शाखा में पूर्व पंजीकरण के साथ उपलब्ध, 35 दिनों तक चलने वाली यह लंबी प्रतियोगिता भारत के कई शहरों जैसे दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद, विजयवाड़ा, लखनऊ, अहमदाबाद, चेन्नई आदि में आयोजित की गई थी.

प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रमाण पत्र और ट्रॉफी सहित 1 लाख रुपए प्रदान किए गए. अन्य पुरस्कारों में प्रथम रनर-अप को 50,000 रुपए नकद तथा द्वितीय रनर-अप को 25,000 रुपए के नकद पुरस्कार के साथ साथ प्रमाण पत्र और ट्रॉफियाँ दी गईं.

इस अवसर पर बात करते हुए यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की प्रबंध निदेशक एवं सीईओ, सुश्री ए मणिमेखलै ने बताया: "हम अपने देश में ऐसे उज्ज्वल युवा प्रतिभा को देखकर खुश हैं. विशेष रूप से वर्तमान परिदृश्य में शिक्षा की ओर ध्यान आकर्षित करना और मौजूद बाजार स्थितियों में बैंकिंग के महत्व को उजागर करना बहुत महत्वपूर्ण है. बैंक द्वारा राष्ट्र निर्माण और युवा सशक्तिकरण को सुसाध्य बनाने के लिए राष्ट्रीय सामान्य जागरुकता प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया और आशा है ये आगे भी जारी रहेगा."

यह प्रतियोगिता कक्षा 8वीं से 12वीं तक के छात्रों के लिए खुली थी और इसमें दो की टीम भाग ले सकती थी. राष्ट्रीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं सामान्य ज्ञान, सामान्य जागरूकता और बैंकिंग और वित्त विषयों पर आधारित थी.

बैंक के बारे में : यूनियन बैंक ऑफ इंडिया 8729 शाखाओं के साथ, कारोबार की मात्रा के अनुसार समामेलन के बाद सार्वजनिक क्षेत्र का चौथा सबसे बड़ा बैंक है. यूनियन बैंक ऑफ इंडिया का कुल कारोबार यथा सितंबर 2022 को 18 ट्रिलियन को पार कर गया है. यूनियन बैंक ऑफ इंडिया बहुत प्रतिस्पर्धी मूल्य निर्धारण के साथ अनुकूलित उत्पादों की पेशकश करने में सबसे आगे रहा है. बैंक के साथ कारोबार करने में आसानी के साथ अपने ग्राहकों को सशक्त बनाने के लिए कई डिजिटल पहल भी की हैं. हाल ही में डीएफ़एस द्वारा जारी ईज़ रैंकिंग में, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने विभिन्न मानकों के तहत अपने कार्यनिष्पादन में सुधार किया है, जिसका श्रेय बैंक अपने अत्यधिक प्रेरित कार्यबल के साथ साथ अपनाई गई अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी पहलों को देता है.

****

प्रेस विज्ञप्ति